# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 09.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-थाना सिविल लाईन्स क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की घटना का थाना सिविल लाईन्स पुलिस ने खुलासा करते हुये 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लूट के 14000/- रुपये बरामद किये गये।**




अवगत कराना है कि दिनांक 06.09.2024 को वादी श्री रतिभान सिहँ पुत्र स्व0 श्री चन्द्रभान सिहँ निवासी ग्राम सरकड़ा थाना मूढ़ापाण्डें जनपद मुरादाबाद ने तीन अज्ञात आरोपीगण द्वारा थाना सिविल लाईन्स क्षेत्रान्तर्गत क्रेस्ट अस्पताल के पीछे तिराहे पर वादी से 17000/- रुपये छीन लेने के संबंध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-774/2024 धारा 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार उक्त घटना के शीघ्र सफल अनावरण व संलिप्त अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु, पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स मुरादाबाद के कुशल नेतृत्व मे थाना सिविल लाईन्स पर टीम का गठन किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्यो के आधार पर उक्त घटना में अभियुक्तगण 1. मौ0 यूसुफ उर्फ सूखा पुत्र मेहरी निवासी सद्दीक नगर थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ, 2. मौ0 आसिफ उर्फ राजा पुत्र मौ0 हासिम निवासी भूमियापुल फिरोजनगर थाना लिसाडीगेट जनपद मेरठ, 3. साजिद हुसैन पुत्र गजनफिरउल्ला निवासी गाँव भोला सिंह की मिलक थाना मझौला जनपद मुरादाबाद के नाम प्रकाश में आये।

आज दिनांक 09.09.2024 को गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. मौ0 यूसुफ उर्फ सूखा, 2. मौ0 आसिफ उर्फ राजा, 3. साजिद हुसैन उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्तगण के कब्जे से उक्त घटना में वादी से लूटे हुए 14000/- रूपये बरामद किये गये।

**पूछताछ अभियुक्तगणः-**

पुलिस पूछताछ पर अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोग अक्सर अस्पतालो के बाहर घूम रहे मरीज के तीमारदारो से बातचीत करते हुए उन्हे विश्वास मे ले लेते है और फिर मौका देखकर उनके रूपये आदि छीन कर भाग जाते है। आज पुलिस ने हमे छिने हुए रूपयो के साथ पकड लिया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-**

1. मौ0 यूसुफ उर्फ सूखा पुत्र मेहरी निवासी सद्दीक नगर थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ,
2. मौ0 आसिफ उर्फ राजा पुत्र मौ0 हासिम निवासी भूमियापुल फिरोजनगर थाना लिसाडीगेट जनपद मेरठ,
3. साजिद हुसैन पुत्र गजनफिरउल्ला निवासी गाँव भोला सिंह की मिलक थाना मझौला जनपद मुरादाबाद

**बरामदगीः-**

उक्त घटना में वादी से लूटे गये 14000/- रुपये

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास –**

**(A)अभियुक्त मौ0 यूसुफ उर्फ सूखा उपरोक्त**

1-मु0अ0सं0- 1202/2017 धारा 147/148/149/307/323/452/504/506 थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ।

2-मु0अ0सं0- 774/2024 धारा 304(2) व 309(4) बीएनएस थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

**(B)अभियुक्त मौ0 आसिफ उर्फ राजा उपरोक्त**

1-मु0अ0सं0- 774/2024 धारा 304(2) व 309(4) बीएनएस थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

2-मु0अ0सं0- 182/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।

**(C)अभियुक्त साजिद हुसैन उपरोक्त**

1- मु0अ0सं0- 774/2024 धारा 304(2) व 309(4) बीएनएस थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1-प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सैना थाना सिविल लाईन्स,

2-उ0नि0 मेघराज सिंह थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।

3-उ0नि0 अनुज कुमार थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।

4-कां0 प्रवेश कुमार थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।

5-का0 परमवीर थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।

6-कां0 टिंकू थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।

7-कां0 कुलदीप कुमार थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद।

## 2- थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा 01 शातिर चरस तस्कर मय अवैध 560 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया।




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व नशे का कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एंव पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सिविल लाईन्स, मुरादाबाद के कुशल पर्यवेक्षण/नेतृत्व में आज दिनांक 09.09.2024 को थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये अभियुक्त अमन ठाकुर उर्फ अमन सिहं बोरा पुत्र किशन सिह निवासी रेलवे हरथला कालौनी थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद को अवैध 500 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध मे अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0- 786/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त अमन ठाकुर उर्फ अमन सिहं बोरा उपरोक्त थाना मझोला जनपद मुरादाबाद पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0- 541/2024 धारा 147/148/149/307/323/506 आईपीसी मे वांछित चल रहा था। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

अमन ठाकुर उर्फ अमन सिह बोरा पुत्र किशन सिह नि0 रेलवे हरथला कालौनी थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी का विवरणः-**

अवैध 560 ग्राम अवैध चरस

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तः-**

1-मु0अ0सं0- 151/2021 धारा 147/148/149/307/336/427/506 आईपीसी थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।
2-मु0अ0सं0- 1025/2023 धारा 147/148/307/323/34/352/506 आईपीसी व 25/27 आयुध अधिनिमय व 7 क्रिमनल लॉं
3-मु0अ0सं0- 1056/2022 धारा 147/148/307/323/336/504/506 आईपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सिविल लाईन्स
4-मु0अ0सं0- 541/2024 धारा 147/148/149/307/323/506 आईपीसी थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।
5-मु0अ0सं0- 786/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1-उ0नि0 विनीत कुमार, 2-उ0नि0 अनुज कुमार, 3-का0 पंकज कुमार आर्या, 4-कां0 कर्ण कादियान
5- कां0 परमवीर, 6- कां0 प्रवेश कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद।

## 3. अवैध चाकूओ के साथ 02 आरोपीगण गिरफ्तार थाना भगतपुरः-




अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध /अपराधियों व अवैध शस्त्र निर्माण /तस्करी एंव अवैध शस्त्र धारको पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 09.09.2024 को उ0नि0 रोहित कुमार थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्तगण 1- अभिषेक उर्फ गांधी पुत्र स्व0 रविन्द्र सिहं, 2. प्रियांश पुत्र स्व0 कमलवीर सिहं निवासीगण ग्राम करियानगला थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को 02 अवैध चाकूओ के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0-240/2024 धारा 4/25 आर्म एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 4- सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 07 आरोपीगण गिरफ्तार थाना नागफनीः-



अवगत कराना है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध /अपराधियों व पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा अपराधो में संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 09.09.2024 को उ0नि0 सलीम मलिक थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के प्रभावी कार्यवाही करते हुये अभियुक्तगण 1. रोहित उर्फ मंजीत पुत्र राकेश निवासी दौलतबाग थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद, 2. तसलीम पुत्र अब्दुल हकीम निवासी जिगर कालौनी थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद, 3. सलीम पुत्र स्व अकबर हुसैन निवासी मौहल्ला पक्का बाग थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद, 4. नावेद हुसैन उर्फ दिलशाद पुत्र इरशाद हुसैन निवासी ग्राम सोनकपुर थाना टांडा जिला रामपुर हाल निवासी टीचर कालौनी थाना मझोला जनपद मुरादाबाद, 5. वसीम अहमद पुत्र रहीस अहमद निवासी साविला की ज्यारत थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद, 6. मौ0 मंजूर पुत्र स्व बाबू निवासी पक्की सराय थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद, 7. मौ0 आसिफ पुत्र स्व मौ0 हनीफ निवासी करूला थाना मझोला जनपद मुरादाबाद सर्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से मौके पर 52 पत्ते ताश व नगद 92480 रूपये ,06 मोबाईल बरामद हुये। इस संबंध में थाना नागफनी पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 229/2024 धारा- ¾ सार्वजिनक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**5- थाना बिलारी पुलिस द्वारा विधुत तार चोरी के 04 आरोपीगण गिरफ्तार कर कब्जे से बिजली का तार 400 मीटर, वजन 75 किलो ग्रा0 बरामद किया गयाः-**



अवगत कराना है कि दिनांक 08.09.2024 को वादी श्री सत्येन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह अवर अभियन्ता उपकेन्द्र सफीलपुर थाना बिलारी मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा ट्यूबैल से बिजली का करीब 400 मीटर तार चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना बिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-586/2024 धारा- 136 विधुत अधिनियम बनाम सचिन व अज्ञात आदि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्तगण 1- सचिन पुत्र वीर निवासी ग्राम नसीरपुर धन्ना थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद, 2. रिजवान पुत्र नईम निवासी ग्राम करसरा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद, 3. आश मौहम्मद पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम करसरा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद, 4. जोगेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम चंगेरी थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद के नाम प्रकाश मे आये। आज दिनांक 09.09.2024 को उ0नि0 साहब सिंह थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के प्रकाश में आये अभि0गण 1- सचिन पुत्र वीर, 2. रिजवान पुत्र नईम, 3. आश मौहम्मद पुत्र मुस्ताक, 4. जोगेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से उक्त भियोग से संबंधित बिजली का तार 400 मीटर, वजन 75 किलो ग्रा0 बरामद हुआ। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 6- थाना कटघर पुलिस द्वारा 02 शातिर चरस तस्करो को अलग-अलग अवैध 560 ग्राम व 550 ग्राम कुल 01 किलो 50 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया।



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व नशे का कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एंव पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी कटघर, मुरादाबाद के कुशल पर्यवेक्षण/नेतृत्व में आज दिनांक 09.09.2024 को उ0नि0 प्रबोध कुमार व उ0नि0 सोमपाल सिंह थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त आकाश सैनी पुत्र मुन्ना सिंह निवासी बल्देवपुरी पीतलनगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को मछली बाजार के सामने गुलाबबाड़ी चुंगी के पास अवैध 500 ग्राम चरस के साथ तथा उ0नि0 शहजाद अली थाना कटघर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त सनी दिवाकर पुत्र स्व0 पूरन दिवाकर निवासी संजय नगर डबल फाटक थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को अवैध 550 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर अभियुक्त आकाश सैनी पुत्र मुन्ना सिंह उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 512/2024 धारा- 8/20 एन0डी0पी0एस एक्ट तथा अभियुक्त सनी दिवाकर पुत्र स्व0 पूरन दिवाकर उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 513/2024 धारा- 8/20 एन0डी0पी0एस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है जिन पर अन्य अभियोग भी पंजीकृत है।

**आपराधिक इतिहास-**

**(A)अभियुक्त आकाश सैनी उपरोक्त**

1.मु0अ0सं0 95/2024 धारा 307,323,364,386,506 भादवि थाना गलशहीद, मुरादाबाद
2- मु0अ0सं0 23/2020 धारा 379,411 भादवि थाना शाहबाद, जनपद रामपुर
3- मु0अ0सं0 512/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कटघर , जनपद मुरादाबाद

**(B)अभियुक्त सनी दिवाकर उपरोक्त**

1-मु0अ0सं0 209/2019 धारा 307 भादवि थाना कटघर , मुरादाबाद
2-मु0अ0सं0 210/2019 धारा 25 आयुध अधि0 थाना कटघर , मुरादाबादॅ
3-मु0अ0सं0 274/2013 धारा 25 आयुध अधि0 थाना कटघर , मुरादाबाद
4-मु0अ0सं0 448/2017 धारा 4/25 आयुध अधि0 थाना कटघर , मुरादाबाद
5-मु0अ0सं0 461/2017 धारा 147,323,324,452,504,506 भादवि थाना कटघर , मुरादाबाद
6-मु0अ0सं0 784/2019 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना कटघर , मुरादाबाद
7-मु0अ0सं0 892/2019 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कटघर, मुरादाबाद
8-मु0अ0सं0 1074/2020 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कटघर, मुरादाबाद
9-मु0अ0सं0 1078/2017 धारा 147,148,149,307,34 भादवि थाना मझोला, मुरादाबाद
10-मु0अ0सं0 1285/2017 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना मझोला, मुरादाबाद
11-मु0अ0सं0 513/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कटघर , मुरादाबाद।

## 7- थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत एक व्यक्ति पर हुई फायरिंग की घटना में षड़यत्र में सम्मलित वांछित आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-



अवगत कराना है कि दि0 23.08.2024 को वादी राशिद अली पुत्र मुन्ने अली निवासी जयन्तीपुर निकट पुलिस चौकी थाना मझौला जनपद मुरादाबाद ने दिनांक 22.08.2024 की रात्रि में अनवर हाउस वाले रास्ते पर स्कूटी सवार अभियुक्तगण साजिद व अज्ञात लड़को द्वारा वादी राशिद उपरोक्त को रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचे से गोली मारकर घायल कर देने के संबध में थाना कटघर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-461/2024 धारा- 109(1),352 भारतीय न्याय संहिता बनाम 01. साजिद व अज्ञात पंजीकृत किया गया था। तथा वादी मुकदमा जिसके हाथ में गोली लगी थी, को उपचार हेतु भिजवाया गया तथा घटनास्थल का निरीक्षण उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर जाकर किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कटघर, मुरादाबाद द्वारा स्वंय के पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में उपरोक्त घटना के शीघ्र व सफल अनावरण हेतु थाना कटघर पर टीम का गठन किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही/साक्ष्य संकलन के आधार पर उक्त घटना में उल्लेखनीय तथ्य प्रकाश में आये कि उक्त अभियोग में नामित साजिद के 04 लाख 20 हजार रूपये वादी राशिद उपरोक्त पर बकाया थे। साजिद द्वारा राशिद से लगातार अपने रूपयों की मांग की जा रही थी। राशिद द्वारा साजिद को रूपये न देने व मुकदमे में फंसाने के उद्देश्य से अपने साथियों अनमोल आदि के साथ मिलकर उन्हे रूपये का लालच देकर योजना बनाकर षड़यंत्र रचकर अपने हाथ में गोली लगवा कर तथा राशिद द्वारा थाना कटघर पर साजिद व अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसमें दिनांक 04.09.2024 को गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर घटना का सफल अनावरण करते हुये मुकदमा वादी सहित प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. राशिद पुत्र मुन्ने निवासी जयंतीपुर पुलिस चौकी के पास थाना मझोला जनपद मुरादाबाद 2. ईस्माईल पुत्र नूर हसन निवासी जयंतीपुर पुरानी आबादी टंकी के पास थाना मझोला ,मुरादाबाद 3. फईम पुत्र मौहम्मद शमीम निवासी जयंतीपुर टीचर कालौनी थाना मझोला,मुरादाबाद 4. निशान्त राघव उर्फ जानू पुत्र नरोत्तम राघव निवासी सूर्यनगर लाईनपार हट्टी के पास वाली गली थाना मझोला,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 09.09.2024 को उ0नि0 दीपक कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त अनमोल पुत्र विश्वास सिंह निवासी सूर्य नगर लाईन पार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 8- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 08 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।





अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 09.09.2024 को थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा शान्ति भंग कर रहे आरोपीगण 1-मुकेश कुमार पुत्र जबर सिंह, 2.यशवीर पुत्र जबर सिंह निवासीगण ग्राम गिन्दौडा थाना पाकबडा जिला मुरादाबाद, थाना भोजपुर पुलिस द्वारा आरोपी जुल्फेकार पुत्र जिले हसन निवासी ग्राम सिढलऊ नजरपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद, तथा थाना कटघर पुलिस द्वारा आरोपीगण 1.राहुल कश्यप पुत्र मुकेश कुमार निवासी गदरपुरा कस्बा व थाना बिसौली जनपद बादयूँ, 2.मोहित पुत्र लोकपाल सिंह निवासी ग्राम लिलोर थाना सिरोली जनपद बरेली, 3.शुभम पुत्र विनोद कुमार निवासी पिवारी थाना इस्लामनगर जनपद बदायूँ, 4.सनी पुत्र विनोद कुमार निवासी पिवारी थाना इस्लामनगर जनपद बदायूँ, 5.विश्वास पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम पंडित नगला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## 9- शातिर चरस तस्कर मय अवैध 210 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार थाना मझोला:-



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व नशे का कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 09.09.2024 को थाना मझोला पुलिस द्वारा ढक्का की पुलिया से अभियुक्त प्रकाश पुत्र स्व0 दीवान सिहं नि0 मौ0 गोविन्द नगर थाना कटघर जिला मुरादाबाद को अवैध 210 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया इस संबंध में थाना मझोला पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 800/2024 धारा 8/20 NDPS Act पंजीकृत किया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**अपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 800/2024 धारा 8/20 NDPS Act थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

2- मु0अ0सं0 0387/2024 धारा 147, 148, 149, 307, 323 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मझोला

## 10- गैंगस्टर के अभियोग में वांछित ईनामी आरोपी गिरफ्तार थाना मझोलाः-




अवगत कराना है कि प्रभारी निरीक्षक थाना मझोला द्वारा अभियुक्तगण द्वारा गैंग बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ के लिये जंघन्य अपराध आदि कारित करने के संबंध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0 542/24 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट बनाम अर्जुन सिंह आदि के पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद के द्वारा की जा रही है। अभियुक्त अर्जुन सिंह पुत्र सुभाष सिंह निवासी टाहमदन थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारीगण द्वारा 25000/- ईनाम घोषित किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 09.09.2024 को उ0नि0 देवेन्द्र कुमार मय हमराही का0 अंकित तोमर थाना मझोला, मुरादाबाद द्वारा सुरागरसी पतारसी के करते हुये मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अर्जुन सिंह पुत्र सुभाष सिंह को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।